हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 27 जून 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 माहेश्वरी समाज ने मनाया महेश नवमी महोत्सव

11 राज्यसभा सांसद से मिले जनप्रतिनिधि, गृहप्रवेश...







## खबर संक्षेप



### एकादशी पर रखा का निर्जला उपवास

**खरोरा।** नगर में निर्जला एकादशी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर निर्जला एकादशी व्रत रखा तथा परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, निर्जला एकादशी का व्रत सभी एकादशियों में विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इस व्रत को श्रद्धापूर्वक रखने से वर्षभर की सभी एकादशियों के व्रत का पुण्य फल प्राप्त होता है। ग्राम के मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। भक्तों ने दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा की भजन-कीर्तन किए और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। धार्मिक जानकारों के अनुसार, पारण का विधिपूर्वक होना भी आवश्यक है।

### कबीर प्राकट्य उत्सव 27 से 29 जून तक

**भाटापारा।** सदगुरु कबीर प्राकट्य दिवस कबीर जयंती का तीन दिवसीय आयोजन कबीर ज्ञान मंदिर हथनीपारा, भाटापारा में हो रहा है। 27 जून को प्रातः 7 बजे गुरु महिमा पाठ, पूनो पाठ, प्रातः 9 बजे से विभिन्न ग्रंथ मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन एवं प्रवचन होगा। 28 जून को प्रातः 7 बजे गुरु महिमा पाठ, 9 बजे से सत्संग प्रारम्भ, शाम 4 बजे कबीर ज्ञान गोष्ठी आयोजित होगी। 29 जून को प्रातः 7 बजे गुरु महिमा, पाठ 8 बजे शोभायात्रा निकाली जावेगी। दोपहर 2 बजे भजन, कीर्तन एवं प्रवचन होगा। शाम 4 बजे सात्विक यज्ञ चौका आरती महंत चैतूदास के करकमलों से होगा। कबीरपंथी समाज भाटापारा द्वारा अंचल के श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### शेर स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**महासमुंद।** ग्राम शेर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच अनिता हरेंद्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्राचार्य लाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## खनिज अधिकारी ने भाग रहे रेत तस्कर को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

- दो ट्रैक्टर जब्त कर अवैध रैंप ध्वस्त किए; रेत तस्करों में मचा हड़कंप



जिला खनिज अधिकारी अवधेश बारीक ने गुरुवार 25 जून को स्वयं मोर्चा सम्हालते हुए तहसील लवन अंतर्गत महानदी किनारे बसे ग्राम पंचायतों का सघन रेड कार्रवाई में निकले, जहां महानदी पर रेत की अवैध खनन एवं परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर चालक को धर दबोचा। इससे रेत तस्करों में जबरदस्त हड़कंप का माहौल बना रहा। इसके पूर्व हरिभूमि ने लगातार रेत की अवैध खनन परिवहन को लेकर खबर प्रकाशित किये गए थे, जिस पर प्रशासन ने संज्ञान लिया।

विदित हो कि रेत तस्करी में लगे तंत्र का नेटवर्क लगातार खनिज विभाग के कार्रवाई पर हावी रहा है, लेकिन उनके तोड़ने के लिए आज जिस तरह से जिला के खनिज अधिकारी अवधेश बारीक ने मोर्चा सम्हालते हुए महानदी में उतर कर ट्रैक्टर चालकों को गाड़ी सहित दौड़ाकर दबोचा और महानदी में बनाए गए आसपास के गांव के अवैध रैम्प को ध्वस्त कर प्रशासन को लाखों रुपए की राजस्व हानि से रोका। गौरतलब हो कि डोंगरीडीह महानदी में रेत की अवैध खनन करते हुए दो ट्रैक्टर पर खनिज अधिकारी ने कार्रवाई कर पुलिस थाना लवन के सुपुर्द में खड़े किये गए हैं।

## साइबर अपराध से बचने पुलिस का जागरूकता अभियान



**पलारी।** पुलिस ने वटगन में नवीन कानून, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन ग्राम सरपंच बाबूलाल बंजारे, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। जागरूकता का मुख्य उददेश्य ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों के प्रति सजग बनाना और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना है।चलाए जा रहे सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के तहत आज 26 जून को थाना पलारी पुलिस द्वारा ग्राम वटगन में एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को देश में लागू नवीन कानूनों, बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में उपस्थित थाना पलारी के पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को नए कानूनी प्रावधानों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया। पुलिस ने बताया कि इन कानूनों का उद्देश्य आम नागरिकों को त्वरित न्याय प्रदान करना और उनकी सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। इसके साथ ही, महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई और पीड़ित महिलाओं के अधिकारों व सहायता प्रणालियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आज के डिजिटल युग में बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड को देखते हुए पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति विशेष रूप से सचेत किया। उन्होंने बताया कि किसी भी ▶▶ शेष पेज 11 पर

### एकल शिक्षकीय स्कूलों को मिलेंगे शिक्षक, बच्चों की बढ़ेगी उपस्थिति

# जिले में डीएमएफ मद से 474 शिक्षक और कम्प्यूटर ऑपरेटरों की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा एवं बेहतर व्यवस्था हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में मिशन उत्कर्ष के तहत जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 464 अंशकालीन शिक्षकों एवं 10 विकासखंड कंप्यूटर ऑपरेटरों की अस्थायी कार्य व्यवस्था की गई हैं। जिला प्रशासन की इस सार्थक कदम से शिक्षा में सुधार के साथ बच्चों में उत्साह का संचार होगा।

मिशन उत्कर्ष के प्रभावी क्रियान्वयन, सतत अनुश्रवण, प्रगति की नियमित समीक्षा एवं निर्धारित समय सीमा में कार्यों के सफल निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तर पर मॉनिटरिंग सेल का भी गठन किया गया है।

**सार्थक कदम से शिक्षा में सुधार के साथ बच्चों में उत्साह का संचार होगा**

### 464 अंशकालीन शिक्षकों की स्वीकृति

मिशन उत्कर्ष के अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास मद से जिले के 289 एकल शिक्षकीय विद्यालयों में कुल 464 अंशकालीन शिक्षकों एवं 10 विकासखंड कंप्यूटर ऑपरेटर की अस्थायी कार्य व्यवस्था हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है, जो विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवतापूर्ण शिक्षण प्रदान करेंगे । इनमें से प्राथमिक में 42, माध्यमिक में 145, हाई स्कूल में 75, हायर सेकंडरी में 202 अंशकालीन शिक्षक अस्थायी अध्यापन कार्य हेतु सम्मिलित हैं। उक्त कार्य संपादन का दायित्व जिले के सभी संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को सौपा गया है।




### बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने पर फोकस

कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों तथा शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मिशन उत्कर्ष अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संचालित इस अभियान के माध्यम से जिले के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुख शिक्षा प्रदान करने हेतु विभिन्न नवाचार किये जा रहे हैं।

### 134 विषय विशेषज्ञों की पीएलसी गठित

शिक्षा गुणवत्ता पर सतत अनुश्रवण एवं शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने हेतु शिक्षकों की /"प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी /" का गठन किया गया है। पीएलसी में विभिन्न विषयों के कुल 134 विषय विशेषज्ञ सम्मिलित हैं जो जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के व्याख्याता हैं। पीएलसी का प्रमुख उद्देश्य विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्र तैयार करना, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाना, शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करना तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करना है।

## डायल 112 ने सड़क हादसे में घायल युवक को तत्काल पहुंचाया अस्पताल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

थाना गिधौरी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नरधा राइस मिल के पास एक बाइक सवार युवक के अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत अस्पताल रवाना किया।

25 जून को सायं 6.30 बजे डायल 112 को सूचना मिली की ग्राम नरधा राइस मिल के पास एक मोटर साइकिल चालक दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना मिलते ही थाना गिधौरी की डायल 112 वाहन तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर टीम की मुलाकात घायल के भाई से हुई, जिसने बताया कि उसका भाई, महेंद्र कुर्रे निवासी ग्राम नवरंगपुर, बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गया है और उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। डायल 112 के स्टाफ ने बिना समय गंवाए स्थिति को संभाला। तत्काल मौके पर डायल 112 वाहन और एम्बुलेंस दोनों पहुंच चुकी थीं। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए, भाई की सहमति से घायल महेंद्र कुर्रे को तुरंत एम्बुलेंस के माध्यम से बेहतर उपचार और डॉक्टरी सहायता हेतु अस्पताल रवाना किया गया।

## खर्वे हत्याकांड की विधायक ने की सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



- विधायक साहू ने गृहमंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की

कसडोल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खर्वे में बीते 4 महीनों के भीतर 8 लोगों की हुई सिलसिलेवार संदिग्ध मौतों ने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। इस मामले को गंभीर बताते हुए विधायक संदीप साहू ने छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र सौंपकर घटना की सीबीआई एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की पुरजोर मांग की है। विधायक संदीप साहू ने अपने पत्र में ग्रामीणों के हवाले से बताया है कि आरोपी रामसहाय जायसवाल द्वारा शराब में जहर मिलाकर 8 लोगों की हत्या की गई है। ग्रामीणों के बीच लंबे समय से गड़े-धन की तलाश अंधविश्वास और बलि जैसी तांत्रिक अनुष्ठान ▶▶ शेष पेज 11 पर

## नवनियुक्त एल्डरमैनों ने पालिका अध्यक्ष शर्मा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- जनसेवा और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का लिया संकल्प

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के निज कार्यालय में पालिका के नवनियुक्त एल्डरमैनों ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डॉ. मोहन बांधे, राजा कामनानी, रूपेश तिवारी, डॉ. संतोष वर्मा, मधु सोनी सहित सभी नवनियुक्त एल्डरमैन उपस्थित थे।

भेंट के दौरान आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में नगर के समग्र विकास, जनकल्याण, शहरी विकास, सुशासन तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनना तथा उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का नैतिक दायित्व है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही सच्चे अर्थों में जनसेवा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी सेवा, समर्पण और पारदर्शिता की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। विकास तभी सार्थक होता है जब उसमें जनभागीदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही का समावेश हो। ▶▶ शेष पेज 11 पर



### नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन व जनप्रतिनिधियों ने किया भूमिपूजन

# 62.95 लाख की लागत से होगा मुक्तिधाम का कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के वार्ड क्रमांक-17 स्थित मुक्तिधाम के उन्नयन एवं जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को भूमिपूजन के साथ किया गया। राज्य प्रवर्तित योजना के तहत 62.95 लाख रुपये की लागत से मुक्तिधाम का विकास किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, वार्ड पार्षद शेख सलमान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



उन्नयन कार्य के अंतर्गत मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण, कंपाउंड वॉल, पेवर ब्लॉक, मुख्य द्वार, प्रतीक्षालय, प्रसाधन एवं शौचालय, पेयजल सुविधा के लिए बोर खनन, प्रकाश व्यवस्था, पौधरोपण, म्यूरल आर्ट, बैठने की व्यवस्था तथा कचरा संग्रहण के लिए डस्टबिन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

कार्यक्रम में अधिवक्ता दिनेश यदु ने नगर पालिका द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। वार्डवासियों ने भी मुक्तिधाम के उन्नयन को आवश्यक बताते हुए नगर पालिका परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों को अब पेयजल, प्रतीक्षालय, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति जितेंद्र डड़सेना, हरजीत सिंह सलूजा, आदित्य गुप्ता, रेखा पोषण पटेल, अंजनी गोविंद पात्रे, श्रद्धा मनीष वर्मा, रोहित साहू, सुरेश घृतलहरे, डिगेश्वरी नामदेव, मंजू फेकर, ममता सुभाष राव, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष राव, अधिवक्ता पोषण पटेल, उप अभियंता रितेश स्थापक, गुरुदत्त तिवारी सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा मुक्तिधाम

नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि मुक्तिधाम में लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं की कमी महसूस की जा रही थी। इसे प्राथमिकता देते हुए कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजी गई थी। कैबिनेट मंत्री एवं विधायक टंकराम वर्मा के प्रयासों से राशि स्वीकृत होने के बाद अब निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता और आवश्यकता का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



# 15वें वित्त आयोग से मिली राशि का देना होगा हिसाब, उपयोगिता प्रमाणपत्र और निर्माण के सुबूत के लिए फोटो भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग से करोड़ों रुपए मिले हैं, इस राशि से बड़ी संख्या में निर्माण कार्य भी कराए गए हैं, लेकिन निकायों ने राशि का हिसाब नहीं दिया, न ही राशि के उपयोग संबंधी उपयोगिता प्रमाण पत्र दिए हैं।

इस मामले को लेकर अब नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की आपत्ति के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों से निर्माण कार्यों एवं सामग्री खरीदी के उपयोगिता प्रमाण-पत्र और सत्यापित फोटोग्राफ उपलब्ध कराने को कहा है।

## नगरीय प्रशासन एवं विकास ने जारी किया आदेश, सीएजी और राज्य संपरीक्षा की है आडिट आपत्ति

### सीएजी ने क्या आपत्ति लगाई?

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा इस संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि 15वें वित्त आयोग के तहत जारी स्वीकृति पत्रों में स्पष्ट शर्त रखी गई थी कि स्वीकृत राशि के उपयोगिता प्रमाण-पत्र और सत्यापित फोटोग्राफ निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराए जाएंगे। लेकिन अधिकांश निकायों ने इस शर्त का पालन नहीं किया। दस्तावेज में उल्लेख है कि इसी संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा (सीएजी ऑडिट) की वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट की कंडिका 14.13 (11) में भी आपत्ति दर्ज की गई है। यानी



ऑडिट में यह पाया गया कि अनुदान राशि खर्च किए जाने के बावजूद उसके उपयोग के पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए गए।

### आखिर क्यों महत्वपूर्ण है उपयोगिता प्रमाणपत्र?

किसी भी सरकारी अनुदान के मामले में उपयोगिता प्रमाणपत्र सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जाता है। इसके माध्यम से संबंधित निकाय यह प्रमाणित करता है कि प्राप्त राशि उसी उद्देश्य पर खर्च की गई, जिसके लिए उसे स्वीकृत किया गया था। यदि उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाते, तो भविष्य में मिलने वाले अनुदान प्रभावित हो सकते हैं। कई मामलों में केंद्र और राज्य सरकारें अगली किश्त जारी करने से पहले पिछली राशि के उपयोग का प्रमाण मांगती हैं।

### अब क्या जानकारी मांगी गई है

विभाग ने सभी क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधीन आने वाले निकायों से वर्षवार जानकारी एकत्र करें। इसमें शामिल हैं- 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त राशि का विवरण। विभिन्न कार्यों पर खर्च की गई राशि। सामग्री और मशीनरी की खरीद का ब्योरा। उपयोगिता प्रमाण-पत्र, कार्यों के सत्यापित फोटोग्राफ। शेष बची राशि का विवरण। इसके लिए विभाग ने अलग-अलग प्रारूप भी जारी किए हैं, जिनमें वर्ष 2020-21 से लेकर 2025-26 तक प्राप्त और व्यय की गई राशि का विवरण भरना होगा।

### 15वें वित्त आयोग से कितना पैसा मिला

15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 तक रही। इस दौरान देशभर के शहरी स्थानीय निकायों को जलापूर्ति, स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक स्वास्थ्य और शहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये दिए गए। छत्तीसगढ़ के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को भी इसी अवधि में बड़ी मात्रा में अनुदान प्राप्त हुआ। इन निधियों का उपयोग सड़क, नाली, पेयजल, कचरा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट, पार्क और अन्य नागरिक सुविधाओं के निर्माण में किया गया।

### फोटोग्राफ क्यों मांग रही सरकार

विभाग ने केवल उपयोगिता प्रमाण-पत्र ही नहीं बल्कि कार्यों के सत्यापित फोटोग्राफ भी मांगे हैं। इसके पीछे उद्देश्य यह है कि ऑडिट के दौरान यह प्रमाणित किया जा सके कि जिस कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई थी, वह वास्तव में धरातल पर पूरा हुआ या नहीं। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न राज्यों में ऑडिट एजेंसियों ने पाया है कि कई बार कागजों में कार्य पूर्ण दिखा दिए जाते हैं, जबकि मौके पर स्थिति अलग होती है। इसी कारण अब फोटो आधारित सत्यापन को भी महत्व दिया जा रहा है।

### वित्तीय अनुशासन पर बढ़ा दबाव

जानकारों का मानना है कि यह केवल दस्तावेज जुटाने की कवायद नहीं है, बल्कि 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग पर बढ़ती निगरानी का हिस्सा है। यदि निकाय समय पर प्रमाण-पत्र और साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो उन्हें भविष्य में मिलने वाले अनुदान और वित्तीय स्वीकृतियों पर असर पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप



### आयुष स्वास्थ्य शिविर में 367 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

**रायपुर।** आयुष विभाग ने अभनपुर के ग्राम बेलर में प्रथम विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। शिविर प्रभारी डॉ. विनीता सोनवानी ने बताया कि शिविर में कुल 367 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। इस दौरान 211 मरीजों का ब्लड प्रेशर एवं 63 मरीजों का ब्लड शुगर परीक्षण कर उन्हें आवश्यक औषधियां उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा 150 लोगों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुष क्वाथ वितरित किया। शिविर में दैनिक जीवन में आयुर्वेद की दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं योग के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में डॉ. शीतला देवी चौहान, डॉ. शशि भूषण तिवारी, डॉ. डोलानारायन पटेल, डॉ. दीप्ति श्रीवास, डॉ. अंकिता पटेल सहित चोवा राम साहू, हेमंत कुमार मेश्राम, तोषण साहू, दुर्गा प्रसाद देवांगन, पुष्पा सोनवानी, शैलेन्द्र देवांगन, अंकित हलधर, डेमन यादव ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### महिलाओं ने सामूहिक रूप से किया गायत्री मंत्र का जाप



**रायपुर।** गायत्री जयंती के अवसर पर हरसंभव फाउंडेशन की महिलाओं ने गुरुवार को सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का जाप किया। इस मौके पर संस्था की पदाधिकारियों ने बताया कि गायत्री मंत्र के उच्चारण मात्र से ज्ञानपीठ प्रकाशमान होता है, आत्मिक शांति आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सकारात्मक बुद्धि विकास प्राप्त होती है। इस मंत्र को विद्यालय में विद्यार्थियों को नियमित रूप से जरूर कराना चाहिए। इस अवसर पर हरसंभव फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता त्रिपाठी, नेहा संतोषवार, ममता गुप्ता, सुनीता सिंह, छाया देवांगन, गीता कटारिया, अनीता अग्रवाल, नीलम जैन, पूजा शर्मा, रीना सोनी, ज्योति अग्निहोत्री आदि सभी ने पीतांबर वस्त्र धारण करके गायत्री मंत्र का उच्चारण किया।

### तृतीय लिंग समुदाय को रोजगार देने वॉक-इन-इंटरव्यू 2 जुलाई को

**रायपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा तृतीय लिंग समुदाय के लोगों को रोजगार देने के लिए 2 जुलाई को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित करेगा। यह इंटरव्यू रायपुर स्थित गांधी चौक में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। इस वॉक-इन-इंटरव्यू में अलर्ट एस.जी.एस. प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के कुल 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस इंटरव्यू में प्रदेश के सभी जिलों के तृतीय लिंग समुदाय के पात्र अभ्यर्थी भाग ले सकते है।

### सीएम हेल्पलाइन की मदद से दिव्यांग डिगेश्वर को मिली बैटरी ट्रायसिकल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 में शिकायत एवं समस्या का शीघ्र गति से समाधान किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम खरोरा निवासी दिव्यांग डिगेश्वर देवांगन की मांग पर उन्हें 24 घंटे के भीतर समाज कल्याण विभाग की ओर से माना स्थित शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बैटरी चलित ट्रायसिकल दी गई। डिगेश्वर 80 प्रतिशत दिव्यांग है।

## जिले में अब तक 1750 किसानों के नाम हटे, इनमें कई मृतक भी शामिल

# 11 हजार संदिग्ध, इनमें 4800 किसान ऐसे, जिनके खाते संयुक्त, दूसरे सदस्य भी ले रहे थे योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किसानों को जारी होने वाली राशि में फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद रायपुर जिले में अब तक 1750 किसानों के नाम हटाए गए हैं। ये वही किसान हैं, जिनके परिवार में उनके साथ दूसरे सदस्य भी इस योजना का लाभ उठा रहे थे। इनमें कई मृतक भी शामिल थे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिले में 11 हजार संदिग्ध किसानों की सूची मुख्यालय से प्राप्त हुई है, जिनके बारे में विभाग भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इस सत्यापन के दौरान विभाग 1310 अपात्र किसानों के नाम की सूची पहले ही मुख्यालय भेज चुका है। हालांकि इस सूची में मृतक एवं विभिन्न कारण से अपात्र लाभार्थी किसानों के नाम भी शामिल हैं।

### 23वीं किस्त में 35 लाख की कटौती

*केंद्र सरकार ने हाल ही में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी की है। इस किस्त के तहत विभाग के पोर्टल में पंजीकृत फार्मर आईडी वाले सक्रिय किसानों की संख्या 91 हजार 845 है। इन किसानों के लिए कुल 18 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि जारी की गई है। इससे पूर्व 22वीं किस्त के दौरान पंजीकृत सक्रिय किसान सदस्यों की संख्या 92 हजार 578 थी। इस दौरान 22वीं किस्त के रूप में कुल 18 करोड़ 71 लाख रुपए की राशि जारी हुई थी, वहीं इस बार कुल राशि में 35 लाख रुपए कम है। इससे पता चलता है कि इस बार 1750 किसानों के नाम पोर्टल से हटाए गए हैं, जिन्हें 22वीं किस्त जारी की गई थी।*




### 4822 किसानों के खाते संयुक्त

जिले में भौतिक सत्यापन के दौरान लाभार्थी किसानों में 4822 किसान ऐसे मिले हैं, जिनके बैंक खाते सिर्फ उनके नाम पर नहीं, बल्कि पति और पत्नी दोनों के नाम पर संयुक्त रूप से खुले हुए हैं। जिले में संदिग्ध किसानों की सूची मिलने के बाद विभाग ने अब प्रत्येक लाभार्थी किसानों को बैंक खाता भी सिर्फ उनके नाम पर खोलने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि जिन किसानों के संयुक्त खाते खुले हैं, उनमें कुछ किसानों की मृत्यु होने के बाद भी फौती कराए बिना किस्त की राशि उनके खातों में जा रही थी।

### मृत्यु के बाद भी परिवार उठाते रहे योजना का लाभ

संदिग्ध किसानों के अलावा कई किसानों की मृत्यु के बाद भी उनके परिवार वाले इस योजना का लाभ उठाते रहे हैं। जिले में जब से योजना शुरू हुई, तब से लेकर अप्रैल 2026 तक कुल 2239 किसानों की मृत्यु भी हो चुकी है। इनमें कई किसानों की कोविड काल के दौरान भी मृत्यु हुई थी, लेकिन उनकी मृत्यु के बाद भी योजना की राशि उनके खातों में जा रही थी, क्योंकि न ही उनके परिजनों ने इसकी जानकारी विभाग को दी थी और न ही विभाग द्वारा इसका भौतिक सत्यापन किया गया। हालांकि अब मृत किसानों के नाम पोर्टल से हटा दिए गए हैं, लेकिन उनके परिवार के अन्य किसान सदस्य फौती कराकर अब इस योजना से पुनः जुड़ गए है।

### सालभर में 2-2 हजार की 3 किस्त

इस योजना के तहत सालभर में लाभार्थी किसान को कुल 6 हजार रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि 3 किस्तों में उन्हें मिलती है। अब तक जो अपात्र पाए गए हैं, उनमें सरकारी नौकरी, आईटीआर धारक, पेंशनधारी सहित अन्य कई कारण हैं।

### 4822 किसानों को चिन्हांकित किया

योजना का लाभ लेने वाले संयुक्त खाताधारक किसानों के अब व्यक्तिगत नाम पर खाते खुलवाए जा रहे हैं। जिलेभर में ऐसे 4822 किसानों को चिन्हांकित किया है। भौतिक सत्यापन के दौरान जैसे-जैसे अपात्र, मृतक किसानों के नाम सामने आ रहे हैं, उन्हें हटाने के लिए सूची मुख्यालय भेजी जा रही है।

**- सतीश अवस्थी,**
उप संचालक,
कृषि विभाग रायपुर

## विद्यालय निरीक्षण करने पहुंचे विधायक मिश्रा, नए भवन निर्माण का दिया भरोसा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय का रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर का भ्रमण कर छात्राओं, शिक्षकों एवं स्कूल प्रबंधन से चर्चा की तथा विद्यालय की आवश्यकताओं और समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र नवीन भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

भ्रमण के दौरान पुरंदर मिश्रा ने कहा कि बेटियों की शिक्षा के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक अधोसंरचना उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है तथा इस संबंध में स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भी प्रेषित किया गया है। रायपुर उत्तर विधायक ने विद्यालय की कक्षाओं, परिसर एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित करते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी सुविधाओं और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा। शिक्षकों से भी चर्चा कर शैक्षणिक गतिविधियों एवं आवश्यक संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधन एवं शाला विकास समिति के सदस्यों ने विधायक पुरंदर मिश्रा के समक्ष विद्यालय से संबंधित विभिन्न आवश्यकताओं और विकास कार्यों की जानकारी रखी। इस पर विधायक ने सकारात्मक पहल का भरोसा देते हुए कहा कि छात्राओं को बेहतर वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर शाला विकास समिति की अध्यक्ष मिली बैनर्जी, अनीता महानंद, वार्ड पार्षद खगपति सोनी, प्राचार्य प्रवीर कुमार चटर्जी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।*

## मुख्यमंत्री साय बोले- आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताया। वीडियो में आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों पर हुए प्रतिबंध, बड़े पैमाने पर हुई गिरफ्तारियों, प्रेस सेंसरशिप, लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष तथा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के संदेश को प्रमुखता से दर्शाया गया है।



कांग्रेस सरकार ने बंद की थी सम्मान निधि, हमारी सरकार ने बहाल कर लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान को दी नई गरिमा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने सत्ता के अहंकार में संविधान की आत्मा को कुचलते हुए पूरे देश पर आपातकाल थोप दिया था। आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर गंभीर प्रहार हुआ। मीसा जैसे दमनकारी कानूनों के तहत हजारों लोकतंत्र सेनानियों, पत्रकारों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद कर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन लोकतंत्र के रक्षकों का साहस और संकल्प अडिग रहा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया जाना उन सभी लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे नई पीढ़ी भारतीय लोकतंत्र के उस काले अध्याय को जान सकेगी और संविधान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अधिक जागरूक होगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने भी लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान को पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा बंद की गई सम्मान निधि को पुनः प्रारंभ करते हुए बकाया राशि का भुगतान किया गया तथा लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक-2025 पारित कर उनके सम्मान को कानूनी संरक्षण प्रदान किया गया।

## अंजय ने मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियों का साहित्य किया भेंट

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने राज्य के प्रमुख प्रबुद्धजनों से संपर्क यात्रा के दौरान उनके निवास जाकर मुलाकात कर आत्मीय सम्मान के साथ 12 साल बेमिसाल की उपलब्धियों का साहित्य भेंट किया। जिसमें पूर्व प्रमुख सचिव डॉ. सुशील त्रिवेदी (आईएएस), शदाणी दरबार पीठाधीश्वर संत युधिष्ठिर महाराज, रावतपुरा सरकार ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जितेंद्र उपाध्याय (आईएफएस), पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल (आईएएस), डॉ. दिनेश मिश्रा आंख रोग विशेषज्ञ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन छग के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी, मां महाकाली मंदिर ट्रस्ट आकाशवाणी चौक के सचिव प्रो. डीके दुबे, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं एचओडी डॉ. मढ़रिया, विख्यात पैथोलॉजिस्ट डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. चंद्रिका साहू रेडियोलॉजिस्ट साहू डायग्नोस्टिक, वरिष्ठ पत्रकार शिव दुबे, राजेश जोशी, डॉ. सुनील खेमका आर्थोपेडिक नारायणा हॉस्पिटल, अधिवक्ता सुधांशु शेखर शुक्ला, प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी, गौड़ ब्राह्मण महिला समाज की अध्यक्ष प्रतिमा ओमप्रकाश पुजारी, मार्बल मार्केट के अध्यक्ष व प्रसिद्ध व्यवसायी किशनचंद जैन, कमल सारडा प्रसिद्ध उद्योगपति को प्रधानमंत्री के 12 साल की उपलब्धियों का साहित्य भेंट किया।



## छत्तीसगढ़ में मानसून की धीमी रफ्तार, आधे से ज्यादा जिलों में किसानों पर छाए चिंता के बादल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून की धीमी रफ्तार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जून के अंतिम सप्ताह तक कई क्षेत्रों में अपेक्षित बारिश नहीं होने से खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित हो रही है। मौसम विशेषज्ञों ने पहले ही मानसून की गति सामान्य से धीमी रहने और कुछ क्षेत्रों में कम वर्षा की संभावना जताई थी, जिसके चलते कृषि गतिविधियों पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ में मानसून करीब 7 दिन देर से प्रदेश में पहुंचा है और इसका असर भी काफी धीमा है। राज्य में बारिश का कोटा अब तक 73 फीसदी कम है।

आंकड़ों की बात करें, तो 1 जून से अब तक राज्य में 117.2 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, मगर सिर्फ 43.2 मिमी पानी ही बरस पाया है। प्रदेश के अनेक जिलों में किसान धान समेत खरीफ फसलों की बुआई के लिए पर्याप्त वर्षा का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून प्रदेश में प्रवेश कर चुका है, लेकिन इसकी सक्रियता अपेक्षाकृत कमजोर बनी हुई है। हालांकि आगामी दिनों में कुछ जिलों में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। संभावित कम वर्षा और अल नीनो जैसे मौसमीय प्रभावों को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क है। यदि आने वाले दिनों में मानसून सक्रिय नहीं हुआ तो खरीफ सीजन की बुआई, जलाशयों के जलस्तर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में किसानों की नजर अब आगामी बारिश पर टिकी हुई है।



1 जून से अब तक राज्य में 117.2 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, मगर सिर्फ 43.2 मिमी बरिश

### इन जिलों में सूखे के हालात

बस्तर जिले में 142.7 मिमी के मुकाबले 74.8 मिमी बारिश हुई है, जो 48 प्रतिशत कम है। दंतेवाड़ा जिले में 107.7 मिमी के मुकाबले 49.9 मिमी बारिश हुई है, जो 54 प्रतिशत कम है। सुकमा जिले में 60.3 मिमी के मुकाबले 54 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है। रायपुर, दुर्ग और महासमुंद जैसे इलाकों में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। राजधानी रायपुर में 90.1 मिमी के मुकाबले सिर्फ 25.3 मिमी बारिश हुई है, जो कि 72 प्रतिशत कम है। वहीं राजनांदगांव में तो हालात और भी बुरे हैं, वहां 92 प्रतिशत तक बारिश की कमी देखी जा रही है। मोहला-मानपुर-चौकी में तो आंकड़ा 95 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। बिलासपुर में 87.6 मिमी के मुकाबले 9.9 मिमी बारिश हुई है, जो 89 प्रतिशत कम है। बालोद में 101.9 मिमी के मुकाबले 19.8 मिमी बारिश हुई है, जो 81 प्रतिशत कम है। बलौदाबाजार जिले में 81.3 मिमी के मुकाबले 15.3 मिमी बारिश हुई है, जो 81 प्रतिशत कम है। इसी प्रकार गौरेला-पेंड्रा में 79, जांजगीर-चांपा में 78 और बेमेतरा में 78 फीसदी कम बारिश हुई है।

## कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण का 6वां दिन, पार्टी की रीति-नीति और संगठन की मजबूती पर चर्चा

# राष्ट्रीय महासचिव संगठन वेणुगोपाल, प्रभारी पायलट प्रशिक्षण शिविर में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के 6वें दिन कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने जिला अध्यक्षों को पार्टी की रीति-नीति और संगठन की मजबूती के गुर सिखाए। उन्होंने कहा, संगठन सृजन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने निचले स्तर के मजबूत लोगों को जिला अध्यक्ष के रूप में अवसर दिया है। आपको मिले अवसर का उपयोग संगठन की मजबूती के लिए करना है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रहे। छात्रों, किसानों, मजदूरों, अनुसूचित जाति, जनजाति, सर्वहारा वर्ग की आवाज राहुल गांधी बने है। हमें राहुल की वंचितो की लड़ाई आगे तक ले जाना है। अनुशासन संगठन की सर्वोपरि है, सभी को अनुशासन के साथ संगठन को मजबूत करना है।

**लांबा आज प्रशिक्षण में शामिल होंगी**

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी जिला अध्यक्षों के ट्रेनिंग में व्याख्यान दिया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा भी प्रशिक्षण में शामिल होने रायपुर आई है वे कल जिला अध्यक्षों को संबोधित करेंगी।



### वेणुगोपाल ने कहा- देश में अघोषित आपातकाल, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा की कथनी और करनी में अंतर

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, आज देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति पैदा कर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। वेणुगोपाल कांग्रेस जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने गुरुवार को राजधानी रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी के जमीनी ढांचे को मजबूत करने के लिए देशभर में 'संगठन सृजन अभियान' चलाया जा रहा है। अब तक 9 राज्यों में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है और जल्द ही इसे शेष राज्यों में भी लागू किया जाएगा।

**इतिहास बदलने में जुटी सरकार, नीट परीक्षा में फेल**

भाजपा की नीतियों की आलोचना करते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा, भाजपा केवल विभाजनकारी राजनीति में रुचि रखती है और देश के इतिहास को बदलने का प्रयास कर रही है।

### पायलट बोले- बीजेपी अपनी अंदरूनी खींचतान पर ध्यान दे, कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर की चिंता छोड़े

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, भाजपा को कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर की चिंता छोड़ कर अपनी सरकार और संगठन की अंदरूनी खींचतान पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस 135 साल पुरानी पार्टी है। नए जिलाध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सचिन पायलट ने कहा, राहुल गांधी की सोच के अनुरूप कांग्रेस बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के अभियान में जुटी है। 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम देश के कई राज्यों में सफलतापूर्वक आयोजित किए जा रहे हैं।



### लांबा ने कहा- भाजपा के डीएनए में हिंसा और नफरत

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस महात्मा गांधी के विचारों वाली पार्टी है, जो सत्य और अहिंसा में विश्वास करती है, जबकि भाजपा की राजनीति नफरत और हिंसा पर आधारित है। अल्का लांबा गुरुवार शाम रायपुर पहुंचीं, इस दौरान उन्होंने राजीव भवन में संवाददाताओं से महिला आरक्षण के मुद्दे पर कहा, स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिलने के बाद बड़ी संख्या में महिलाएं पंच, सरपंच और जनप्रतिनिधि बनकर अपने क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं। उन्होंने कहा, अब विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।



## खबर संक्षेप

### मीसाबंदी जगदीश का किया गया सम्मान

**सरायपाली।** 25 जून को लोकतंत्र के काले दिवस पर मीसाबंदी जगदीश लाल उपोवेजा के निवास पर पहुंचकर उनका शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए उनके संघर्ष, त्याग एवं योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसाबंदियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। इस दौरान मुख्य रूप से विपिन उपोवेजा, स्वर्ण सिंह सलूजा, धनेश नायक, प्रदीप ठाकुर, अमित प्रधान, टिंकू बाग, हिमांशु साहू, सुभाष चंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

### डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग जारी

**जगदलपुर।** तकनीकी शिक्षा विभाग के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउंसलिंग 30 जून तक संचालित हो रही है। शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में स्थापित अभ्यर्थी सुविधा केंद्र में छात्राएं एवं पालक प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। संस्था में संचालित चार त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में इच्छुक अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया, ऑनलाइन पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं सीट चयन संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। बस्तर जिले एवं संभाग की छात्राओं को संभाग में स्थित पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश हेतु विशेष अवसर प्रदान करते हुए प्रवेश परीक्षा में छुट प्रदान की गई है। जिसके आधार पर बस्तर अंचल के छात्र-छात्राएं सीधे ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

### कबीर पंथी समाज 29 को निकालेगा शोभायात्रा

**घाटलोहंगा।** कबीर पंथी समाज मटनार पनकापारा आयोजक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने आज बस्तर विधायक एवं विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर उन्हें 29 जून को आयोजित होने वाले 628वें सद्गुरु कबीर साहेब प्राणोत्सव एवं शोभायात्रा में मुख्य रूप से शामिल होने निमंत्रण पत्र भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को बताया कि कबीर साहेब प्राणोत्सव को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में कलश यात्रा, शोभायात्रा, सत्संग, भजन-कीर्तन एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में कबीर पंथी समाज सहित क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल होंगे। सदस्यों ने विधायक से कार्यक्रम में उपस्थित होकर समाज को अपना आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन देने का आग्रह कियाद्ध इस अवसर पर विधायक ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजक समिति का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि संत कबीर साहेब के विचार समाज में समानता, भाईचारा, प्रेम और मानवता का संदेश देते हैं ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### आज परसट्ठी में रंगमंच और सीसी रोड का लोकार्पण

**सिर्री।** ग्राम पंचायत परसट्ठी, धूमा, खर्रा, दर्रा में 27 जून को जनसंपर्क अभियान के तहत कुरूद विधायक अजय चंद्राकर का आगमन होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परसट्ठी में 4 लाख 10 हजार की लागत से बने रंगमंच भवन और 5 लाख 20 हजार की लागत से बने सीसी रोड का लोकार्पण विधायक द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी सरपंच ओमप्रकाश साहू ने दी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू

**धमतरी।** भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज धमतरी के प्राचार्य ने बताया कि संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

# प्रदेश के श्रद्धालुओं ने सोमनाथ के इतिहास को लेजर शो के माध्यम से देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सोमनाथ सांस्कृतिक तीर्थ यात्रा के दौरान प्रभास पाटन में स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ महादेव के पावन दर्शन के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में आयोजित भव्य लेजर शो को देखा। जहां लेजर लाइट एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से श्रद्धालुओं को सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास, धार्मिक महत्व, प्राचीन वैभव तथा विभिन्न कालखंडों में विदेशी आक्रांताओं के द्वारा बार बार मंदिर विध्वंस और हमारे पुरोधाओं के द्वारा पुनर्निर्माण की जानकारी दी गई। आकर्षक प्रस्तुति ने सभी यात्रियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जाना कि सोमनाथ मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और अदम्य आत्मविश्वास का प्रतीक भी है। इस यात्रा में पद्म राधेश्याम बारले, डोमार सिंह कंवर, सुप्रसिद्ध गायिका कविता वासनिक, मोना सेन, रजनी रजक, प्रभा यादव, सहित अन्य कलाकारों संजय कन्नौजे एवं साथी अधिकारी युगल किशोर तिवारी एवं इंद्रदेव वर्मा सिमगा से परस पाटकर, सतीश, रामनाथ सोनी करमदा, मुरारीलाल साहू मोहतरा, जितराम विश्वकर्मा टेमरी, चंद्रिका पटेल खैरा, कन्हैयालाल कौशिक, महेशराम वर्मा, राजेश थवाईत, केजू राम साहू, सुमन वर्मा, सुमन यादव, लक्ष्मणी साहू, चमेली बाई साहू, सालिकराम वर्मा, चंद्राम वर्मा, लेखराम वर्मा, ओंकार साहू, मंशाराम वर्मा थे।

## सोमनाथ सांस्कृतिक तीर्थ यात्रा में श्रद्धालुओं ने किए ज्योतिर्लिंग दर्शन

### 1008 तीर्थ यात्रियों का हुआ भव्य स्वागत और आध्यात्मिक अनुभव

लेजर शो के माध्यम से प्रस्तुत ऐतिहासिक और धार्मिक जानकारी ने यात्रा के अनुभव को और अधिक यादगार बना दिया। इस यात्रा में सम्मिलित पद्म श्री उषा बारले ने चर्चा में यात्रा के सुखद अनुभव साझा करते हुए बताया कि हम सभी 1008 तीर्थ यात्रियों के वेरावल स्टेशन पहुंचते ही वहां के शासन प्रशासन के द्वारा गुजराती वेशभूषा से सुसज्जित होकर पुष्प वर्षा के माध्यम आत्मीय स्वागत किया गया।



### प्रभास पाटन में लेजर तकनीक से प्रस्तुत हुआ सोमनाथ मंदिर का ऐतिहासिक वैभव

तत्पश्चात सुबह प्रभास पाटन में स्थित विभिन्न मंदिरों के पावन दर्शन कराया गया। वहीं संध्या काल में भगवान सोमनाथ के दर्शन एवं सभी श्रद्धालुओं को एक साथ भगवान के आरती करने का परम सौभाग्य मिला। इसके लिए हम हमारे मुख्यमंत्री का जितना भी बड़ाई की जाएं व कम है।

## सामाजिक, आर्थिक एवं संगठनात्मक विकास पर चर्चा, एकजुटता पर दिया गया जोर

# झेरिया यादव समाज बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने धनेश यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



साहू समाज के नर्सरी रोड स्थित सामुदायिक भवन गोविंदवन में झेरिया यादव समाज बिलाईगढ़ परिक्षेत्र की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं संगठनात्मक विकास सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। लंबे समय से समाज में मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वरिष्ठजनों एवं समाज के स्वजातीय बंधुओं के विचार-विमर्श और रायशुमारी के बाद वर्तमान मीडिया प्रभारी धनेश यादव को सर्वसम्मति से झेरिया यादव समाज बिलाईगढ़ परिक्षेत्र का अध्यक्ष चुना गया।

■ सर्वसम्मति से मिली जिम्मेदारी

कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेश यादव ने कहा कि समाज ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सदस्य के सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहेंगे तथा समाज की एकता, संगठन और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने सभी से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया।

धनेश यादव के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव, बिलासपुर शहर अध्यक्ष ओंकार यादव, अमित यादव बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलाध्यक्ष फिरू यादव, बलौदाबाजार जिला सचिव संतोष यादव, सामाजिक नेता नरेंद्र यादव एवं राजेंद्र यादव सरायपाली, बिलारी अध्यक्ष टीकाराम यादव, पूर्व अध्यक्ष अभय यादव, कोषाध्यक्ष आशीष सिंह यादव, सचिव संतोष यादव, राम कुमार यादव, पूर्व सचिव धनसाय यादव, ललित यादव, सलाहकार रामलाल यादव, संगठन मंत्री महेतरु यादव, अलगराम यादव, उपाध्यक्ष गणेश यादव, सैलाना यादव कोरबा, संगठन मंत्री चांदराम यादव, सामाजिक नेता यादराम हिरवानी, विधायक प्रतिनिधि शेखर भट्ट, पंडरीपानी सरपंच प्रतिनिधि प्रहलाद साहू, पूर्व सरपंच राकेश यादव लिमतरी, युवा नेता दिलचंद साहू, रामाधार साहू गुरुजी, प्रसन्न चंद्रा गुरुजी, शिव केवट, पुरुषोत्तम हिरवानी, राजकुमार जांगड़े, दिनेश पटेल, नवधा पटेल, सुरेश विश्वकर्मा, अमरजीत यादव (भिनोदी), अर्जुन यादव कंचंदा, प्रमिला यादव, श्याम यादव, डॉ. दिलेश्वर साहू, राकेश यादव (बलौदा), देव यादव, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारियों, स्वजातीय बंधुओं एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने दूरभाष एवं व्यक्तिगत रूप से बधाई दी।

# जिले में पल्स पोलियो अभियान कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पल्स पोलियो अभियान का आयोजन जिले में 28 से 30 जून तक किया जाएगा। अभियान अंतर्गत प्रथम दिवस 28 जून को जिले के लगभग 831 बूथ पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। 29 एवं 30 जून को घर-घर भ्रमण कर मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, प्रशिक्षु नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्राओं द्वारा पिलाई जाएगी।

■ जिले के 1 लाख 40 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य

अभियान के तहत जिले के 1 लाख 40 हजार 879 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से पोलियो बूथ में पहुंचकर अपने बच्चों को दवा पिलाने की अपील की है। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सहयोग करने का आग्रह किया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि विश्व पोलियो उन्मूलन अंतर्गत राष्ट्रीय टीकाकरण का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत जिले में 1 लाख 40 हज़ार 879 बच्चे लक्षित हैं। इसकी निगरानी के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई लगाई गई है। इस बाबत पोलियो वैक्सीन और आवश्यक प्रशिक्षण सहित पूरी तैयारी कर ली गई है। समस्त टीमों को समय पर पोलियो की दवा उपलब्ध कराने एवं कार्य संपादन की निगरानी जिम्मेदारी दी गई है।सभी ब्लॉक के ग्रामों के अलावा बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन में पोलियो बूथ बनाने के साथ ट्रांजिट टीमों द्वारा निर्माणाधीन क्षेत्र, खदानों, ईट भट्टा, स्लम एरिया, मेला, बाजार आदि में छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु ट्रांजिट टीम का गठन किया गया है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में शिवसेना ने किया बिजली दफ्तर का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिजली दर में बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ता को मनमाना बिजली बिल भेजने से आम जनता परेशान है। इसी ज्वलंत मुद्दे पर गुरुवार को शिवसेना की रायपुर जिला इकाई ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में बैनर व स्लोगन वाली तख्तियां लेकर बिजली विभाग के मुख्यालय का घेराव किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शिवसेना के वरिष्ठ जन, कार्यकर्ता और आम जनता शामिल रही। स्मार्ट मीटर हटाओ छत्तीसगढ़ बचाओ, जनता त्रस्त, बिजली विभाग मस्त, शिवसेना जिंदाबाद के स्लोगन वाली तख्ती लेकर प्रदर्शनकारियों ने बढ़े हुए बिजली दर को वापस लिए जाने की मांग करते हुए नारेबाजी की। छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के मार्गदर्शन में प्रदेश में बढ़ती बिजली दरों, स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता, बिजली कटौती एवं विद्युत व्यवस्था की अव्यवस्थाओं के विरोध में शिवसेना रायपुर जिला ईकाई द्वारा बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गसर। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन ने स्थल पर बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की।

# राज्यसभा सांसद से मिले जनप्रतिनिधि, गृहप्रवेश में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा के गृह प्रवेश कार्यक्रम में ग्राम मोहरा के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सम्मिलित होकर उन्हें बधाई दीं। इस अवसर पर सांसद वर्मा का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद लक्ष्मी वर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र एवं गांव के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना तथा विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर मोहरा सरपंच प्रतिनिधि जवाहर लाल वर्मा, पूर्व उपसरपंच राजेश कुमार वर्मा, रामकुमार सरसीहा, हरीश कुमार, कार्तिक राम वर्मा, भानु वर्मा, शंकर यादव, हरिश्चन्द्र वर्मा, छत्रधारी वर्मा, भाले सुर सरपंच नवीन वर्मा, भुवन वर्मा तथा बोधराम वर्मा, भूषण वर्मा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां सभी ने सांसद लक्ष्मी वर्मा को नए गृह में सुख, समृद्धि एवं सफल सार्वजनिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# डीआरएम ने सम्मानित कर बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने रेल परिचालन की संरक्षा के प्रति जागरूक टी पत्रकार सूर्याराव व चंद्रकांत श्रीवास्तव को स्मृति चिह्न, प्रमाणपत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया। इनकी जागरूकता के कारण भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर 22 मई 2026 की रात रेलवे ट्रैक में आई गंभीर तकनीकी खामी को समय रहते भांप लिया गया और इन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। इन्होंने तुरंत ही रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के संज्ञान में उक्त घटना को लाया, जिस पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने संबंधित विभागों से समन्वय कर तत्काल मरम्मत कार्य कर संभावित हादसे को टाल दिया गया। घटना प्लेटफार्म क्रमांक-2 की है, जहां दुर्ग की ओर जाने वाली रेल पोल क्रमांक 857/6 के पास रेल पटरी में लगे जाइंट प्लेट में लगे नट-बोल्ट निकल गए थे।

# जोरा के भाटापारा में जलभराव का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के जोरा भाटापारा क्षेत्र में जलभराव के संभावित खतरे को देखते हुए वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने गुरुवार को महापौर मीनल चौबे से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए समस्या के समाधान की मांग की। महापौर को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि जोरा भाटापारा क्षेत्र में कई वर्षो से बस्ती और नालियों का पानी क्षेत्र के एक खाली प्लॉट में प्राकृतिक ढलान के माध्यम से प्रवाहित होता रहा है। यह इस क्षेत्र की जल निकासी का प्रमुख माध्यम रहा है, पर अब इस भूमि का क्रय होने के बाद भूमि स्वामी द्वारा बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है, क्षेत्रवासियों का कहना है कि बाउंड्रीवाल निर्माण पूरा होने पर पानी का प्राकृतिक बहाव पूरी तरह अवरुद्ध हो जाएगा। इससे बरसात के दिनों में नालियों का गंदा पानी सड़क और गलियों से होते हुए लोगों के घरों में भरने का अंदेशा है। इससे 350 परिवार प्रभावित हो सकते हैं। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने महापौर मीनल चौबे को अवगत कराय कि यदि समय रहते वैकल्पिक एवं स्थायी जल निकासी व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो सकती है।

## पेज 9 के शेष

### साइबर अपराध से ...

अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी, बैंक खाता विवरण या यूपीआई पिन साझा न करें। लॉटरी, फर्जी लोन ऐप और संदिग्ध लिंक्स से दूर रहने की सलाह देते हुए पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी बताया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में ग्राम वटगन के सरपंच बाबूलाल बंजारे, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बहुत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष एवं युवा उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और अपनी शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।सुरक्षित समाज के निर्माण में सजगता ही सबसे बड़ा हथियार है। किसी भी अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अपने नजदीकी थाना,चौकी या डायल 112 पर दें। पुलिस हर समय आपकी सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है।

### खर्वे में 8...

गतिविधियों को लेकर चर्चाएं व्याप्त रही हैं। विधायक ने यह भी आशंका जताई है कि इस अपराध में आरोपी रामसहाय के साथ अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं, जिनके इशारे पर यह तांत्रिक क्रियाएं की जा रही थीं। वही पत्र के माध्यम से ग्रामीणों का मानना है कि इतने कम समय में 8 लोगों की मौत सामान्य नहीं है और आरोपी द्वारा पुलिस को दिए जा रहे बयान पूरी तरह भ्रामक हैं, जिनसे ग्रामीण कतई सहमत नहीं हैं।

विधायक संदीप साहू ने शासन से आग्रह किया है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे घटनाक्रम की सीबीआई एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, ताकि दोषियों को कड़ी सजा मिल सके और ग्रामीणों को न्याय मिल सके। इस पत्र के बाद अब पूरे जिले में इस मामले की चर्चा तेज हो गई है और ग्रामीणों की निगाहें अब शासन के अगले कदम पर टिकी हैं।

### नवनियुक्त एल्डरमैनों ने ...

इस अवसर पर उपस्थित सभी एल्डरमैनों ने नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जनहित, विकास और सुशासन के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का विश्वास दिलाया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### इंद्रप्रस्थ कॉलोनीवासियों ने अपनी समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) द्वारा बनाए गए इंद्रप्रस्थ फेस-2 के रहवासी जून 2025 से विवादों में उलझ गए हैं। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं पेंशनबाड़ा ने एक ही कैम्पस कॉलोनी में बिना सर्वे किए दो अलग-अलग आवासीय समितियों का पंजीयन कर दिया है, जिससे रहवासियों के बीच आए दिन विवाद शुरू हो गया है। बार-बार शिकायत के बाद जब उप पंजीयक ने कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और दर्जनों की संख्या में रहवासी कार्यालय पहुंच गए। रहवासियों ने उप पंजीयक को फिर से आवेदन सौंपते हुए सवाल किया कि एक कॉलोनी में दो समिति का पंजीयन कैसे हो गया और सर्वे रिपोर्ट की जानकारी मांगी। इस पर उप पंजीयक ने सर्वे रिपोर्ट और आवेदन की जांच-पड़ताल को लेकर 15 दिनों का समय मांगा। एक ही कैम्पस कॉलोनी में दो समितियां मान्य नहीं होगी। यदि दो समिति का चुनाव होता है तो कॉलोनी में तो सामूहिक सुविधाएं हैं, उसे अलग-अलग कर कॉलोनी के बीच में बॉउंड्रीवाल या तार फेंसिंग की मांग की। रहवासी अनीता साहनी, प्रियंका वर्मा, प्रवीन गुप्ता, सुशांत पांडे, ममता विश्वकर्मा, मनोहर साहू, दिलीप निवावे, गरिमा वर्मा, दिनेश वाधवानी, मोहन और राजू सारथी ने आरडीए के सीईओ और अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा।

### डीएलएड व पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रम के परिणाम जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा डीएलएड तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रम के अंतिम उत्तर व परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 21 मई को किया गया था। वहीं डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन 4 जून को हुआ था। छात्रों के प्राप्तांकों के आधार पर उन्हें महाविद्यालयों में दाखिले जाएंगे। इसके अतिरिक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के भी मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। यह परीक्षा 11 जून को आयोजित की गई थी। मॉडल आंसर पर दावा-आपत्ति 30 जून तक मांगे गए हैं।

### पति-पत्नी के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम गढ़पटनी में पति-पत्नी के साथ मारपीट करने वाले तीन लोगों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम गढ़पटनी के इंद्रकुमार कैवर्त ने बताया कि 24 जून के दोपहर करीब 03 बजे खेत से घर वापस आते समय घर के पास पहुंचा था, तभी आम पेड़ के नीचे पहले से बैठे मोनू, शत्रुघन व एक अन्य ने एक राय होकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का से उसके साथ मारपीट करने लगे। जब उसने आवाज लगाया तब उसकी उमा कैवर्त बीच बचाव करने आई, जिसके शत्रुघन ने मारपीट किया। प्रार्थी ने बताया कि उसकी पत्नी गर्भवती है और पेट में लात मारने से चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दो युवक घायल

**महासमुंद।** ग्राम उमरिया नाला के पास कार की टक्कर से एक बाइक में सवार दो युवक घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को बसना के ग्राम संकरी निवासी गजिंदर पटेल ने ताया कि 14 जून को को मेरा पुत्र लिंगराज पटेल अपने दोस्त के मोटर सायकल सीडी110 क्रमांक सीजी 06 जीएम 5388 को लेकर घर से सुबह करीबन 8 बजे ग्राम बेंदारी जाने के लिये निकला था, मोटर सायकल को उसका पुत्र चला रहा था और पीछे सीट में उसका दोस्त उत्तरा निषाद बैठा हुआ था। करीबन 09.30 बजे ग्राम उमरिया नाला के पास सामने की ओर से आ रही आर्टिगा वाहन क्रमांक सीजी 06 एचए 6165 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में लिंगराज के दाये पैर और उत्तरा निषाद दांये पैर में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

---

**अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस : जिलेभर में जागरूकता शिविर लगा, जन-जागरूकता अभियान चलाया गया**

# नशे के दुष्परिणामों से बचाव का संदेश गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस प्रशासन के संयुक्त समन्वय से जिले के विभिन्न स्थानों पर जन-जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

शिविरों में विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। साथ ही नशे की रोकथाम, मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालंटियर्स ने प्रतिभागियों को नालसा एवं सालसा की डॉन योजना, जागृति अभियान, संवाद अभियान, निःशुल्क विधिक सहायता तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। उपस्थित लोगों को स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार व समाज को भी नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया।

जागरूकता अभियान के तहत संगी मितान नशा मुक्ति केंद्र बलौदाबाजार, विभिन्न महाविद्यालयों, ग्राम खंडवा, कुकराचुंदा, बिलारी, सेल, नगेडी तथा अंबुजा फाउंडेशन भाटापारा सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पंपलेट वितरित कर लोगों को जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें तथा मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी की रोकथाम में प्रशासन का सहयोग कर स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।

## कुपोषण दूर करने कलेक्टर ने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग को दिया लक्ष्य



**बिलाईगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने शुक्रवार को जिले के सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम बड़े खैरा और छुहीपाली के आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा किया। दौरे में जाते समय कलेक्टर ने जिला पंचायत भवन के निर्माण की प्रगति का भी अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने बाल चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर माताओं और बच्चों के कुपोषण कैसे होता है और कुपोषण को कैसे दूर किया जा सकता है, के बारे में कलेक्टर ने स्वयं और डॉक्टर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बारी-बारी से ग्रामीण महिलाओं को समझाया।

कलेक्टर की उपस्थिति में डॉक्टर ने माताओं और बच्चों के कुपोषण जांच किया। कलेक्टर ने कहा कि जिला हॉस्पिटल में सुपोषण केंद्र संचालित हैं, वहां सीमित समय अवधि में रखकर बच्चों के कुपोषण को दूर किया जाता है, जो निःशुल्क है। साथ ही उस समय अवधि तक का सरकार द्वारा सहयोग राशि भी दिया जाता है।

उन्होंने मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिका को निर्देश दिए कि जरूरतमंद सभी कुपोषित महिलाओं और बच्चों को सुपोषण केंद्र भेजनें के लिए परिवार के साथ मिलकर, उन्हें कुपोषण से हानि की जानकारी और सुपोषण केंद्र से लाभ के बारे में समझाने के निर्देश दिए। साथ ही समय समय पर टीकाकरण को अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। वहीं देखा जाए तो जिले से कुपोषण को दूर करने कलेक्टर ने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग को लक्ष्य दिया है। इस अवसर पर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदि मौजूद थे।

## व्यवहार न्यायालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**बिलाईगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में सिद्धार्थ देवांगन तालुका विधिक सेवा समिति बिलाईगढ़ द्वारा 21 जून को व्यवहार न्यायालय परिसर में योग दिवस मनाया गया। नगर पंचायत पवनी में योग दिवस के सम्बंध में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजित किया गया, जिसमें पीठासीन अधिकारी सिद्धार्थ देवांगन व्यवहार न्यायालय बिलाईगढ़, अभिभाषक संघ बिलाईगढ़ के अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी एवं पीएलव्ही कर्मचारी की उपस्थिति में योग दिवस का सफल आयोजन हुआ।

## मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

■ उमा दीदी ने मम्मा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का दिया संदेश



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के खरोरा सेंटर प्रभु उपहार भवन में मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के 61वें पुण्यतिथि पर मम्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेंटर में सुबह से ही भाई बहनों ने उपस्थित होकर परमात्मा के मधुर महावाक्यों का श्रवण किया। ब्रह्माकुमारी उमा दीदी ने मम्मा की गुणों और विशेषताओं से युक्त महावाक्यों को पढ़कर सुनाते हुए कहा कि जिस तरह मम्मा का आचरण अतुलनीय और अनुकरणीय है, हमें भी उनके गुणों को आत्मसात करना चाहिए। तत्पश्चात परमात्मा शिव को भोग स्वीकार करवाया गया। सभी ने मिलकर मातेश्वरी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में सभी भाई बहनों को भोग के साथ वरदान कार्ड दिया गया।

इस अवसर पर बी के सावित्री बहन, सुनीता बहन सुशीला वर्मा, विनोद वर्मा, भरत वर्मा, जगराखन धीवर, होमन लाल वर्मा, रामकुमार देवांगन, रेशम मैया, बिंदु बहन, पवन विश्वकर्मा, पंकेश, रिखी राम धीवर, घना राम भाई, अरुण वर्मा सहित बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

सेंटर में सुबह से ही भाई बहनों ने उपस्थित होकर परमात्मा के मधुर महावाक्यों का श्रवण किया। ब्रह्माकुमारी उमा दीदी ने मम्मा की गुणों और विशेषताओं से युक्त महावाक्यों को पढ़कर सुनाते हुए कहा कि जिस तरह मम्मा का आचरण अतुलनीय और अनुकरणीय है, हमें भी उनके गुणों को आत्मसात करना चाहिए। तत्पश्चात परमात्मा शिव को भोग स्वीकार करवाया गया। सभी ने मिलकर मातेश्वरी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम में सभी भाई बहनों को भोग के साथ वरदान कार्ड दिया गया। इस अवसर पर बी के सावित्री बहन, सुनीता बहन सुशीला वर्मा, विनोद वर्मा, भरत वर्मा, जगराखन धीवर, होमन लाल वर्मा, रामकुमार देवांगन, रेशम मैया, बिंदु बहन, पवन विश्वकर्मा, पंकेश, रिखी राम धीवर, घना राम भाई, अरुण वर्मा सहित बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

## पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार के पूर्व माध्यमिक शाला में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य शांति देवी कुंजाम सरपंच विष्णु कोशले शाला विकास समिति अध्यक्ष धनेश्वरी रजक उपाध्यक्ष रामायण यादव एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों और पालकों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत करना शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पालकों को बच्चों की नियमित शिक्षा के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया और पुस्तकें वितरण की गई। इस दिन विद्यार्थियों एवं अतिथियों को खीर पूरी खिलायी गई। शाला प्रवेश उत्सव में सरपंच एवं सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले ने कहा कि विद्यालय बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की मजबूती नींव है तथा प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

विद्यालय बच्चों के सपनों को आकार देने वाला पवित्र स्थान है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। हाईस्कूल प्राचार्य शशिकांत डहरिया ने शिक्षा को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक निर्माण की आधारशिला बताते हुए पालकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने और घर में अध्ययन का अनुकूल वातावरण बनाने का आग्रह किया। शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष धनेश्वरी रजक ने विद्यार्थियों को अनुशासन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पंच रेखा वर्मा, हिमेश्वरी वर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गायत्री कुर्रे, पालकगण चंपा वर्मा, सुरेश कोशले, लेखराम ध्रुव, राजेंद्र यादव, अंजू मिश्रा, सुक्रिति सेन, प्यारीबाई दिवाकर, दिलेश घृतलहरे, शैलेन्द्र जायसवाल, व्याख्याता राजकुमार लहरे, गणेशराम वर्मा, शिक्षक महाजन साहू, दर्शन कुमार देवांगन, तुलाराम वर्मा, जितेंद्र मनहर, शिक्षिका दुर्गा ध्रुव, ललिता ध्रुव, हेमबाई खुटे, सावित्री पटेल सहित छात्र-छात्राएं एवं पालक गण उपस्थित थे।

### प्रवेशोत्सव पर छात्रों को गणवेश और पुस्तकें वितरित

**गोपालपुर।** विकासखंड बिलाईगढ़ के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बस्ती



धौरा भाड़ा (घो.) में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को गणवेश एवं पुस्तकें वितरित की गई। प्राचार्य एस एल पटेल द्वारा नियमित उपस्थिति और नियमित पढ़ाई पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में धौराभाटा के सरपंच प्रतिनिधि हीरालाल साहू तथा संकुल प्राचार्य एस एल पटेल, संकुल समन्वयक वीरेंद्र कुमार कौशले, शिक्षक शशि भूषण पटेल, प्रधान पाठिका सीमा पांडे एवं सहायक शिक्षक अगरमन दास, शाला विकास समिति के अध्यक्ष तारा यादव, सोनमती, श्याम बाई, कुमारी साहू, ननकी बाई, संतोषी कुर्रे खेमबाई, तारा साहू तथा संतोष डहरिया, गुरुद साहू, शिवधन साहू उपस्थित थे।

## आचार्यों ने लिया सतत व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

■ प्रशिक्षण वर्ग में शिक्षण कौशल और व्यक्तित्व विकास के गुर सिखाए गए

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में 26 जून को आचार्यों के सतत विकास के लिए आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग क्रमांक-01 का प्रशिक्षण वर्ग रखा गया। वर्ग का शुभारंभ अश्विनी पाटकर प्राचार्य, मूलशंकर मनहरे, संजय वर्मा प्रधानाचार्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर वर्ग का शुभारंभ किया गया।

वर्ग के पहले कालखंड में वार्षिक गीत का अभ्यास तोरण लाल कुर्रे एवं टिकेश्वर बर्मन द्वारा कराया गया। वर्ग के प्रथम कालखंड में ही प्रार्थना एवं वंदना का अभ्यास संतोषी यादव एवं कुमारी चंचल चक्रधारी के द्वारा कराया गया। दूसरे कालखंड में बोर्ड परीक्षा के परिणाम कैसे सुधारे? विषय संजय वर्मा एवं कंचन वर्मा द्वारा लिया गया।

उन्होंने पाठ्यक्रम, ब्लूप्रिंट, मध्यम श्रेणी एवं मंद श्रेणी के छात्रों की प्रगति एवं 75 प्रतिशत उपस्थिति पर ध्यान देने को कहा। तृतीय कालांश में प्राचार्य अश्विनी पाटकर के द्वारा 21वीं सदी के कौशल एवं क्रिटिकल थिंकिंग का विषय लिया गया। जिसमें न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत पाठ्यक्रम को कैसे पढ़ाया जाए का प्रशिक्षण दिया गया।




### रुचिकर एवं छात्र केंद्रित शिक्षण पद्धति अपनाने का दिया संदेश

उन्होंने बताया कि शिक्षा को आनंदपूर्ण, गतिविधि आधारित, खोज उन्मुख शिक्षा, छात्र केंद्रित क्रिया, समावेशी शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चर्चा पर आधारित शिक्षा आदि के माध्यम से शिक्षा को रुचि पूर्ण बना सकते हैं जिससे शिक्षा के स्तर में बढ़ोतरी होगी। वर्ग के अंतिम कालांश में यशवनी निषाद, तोरण लाल कुर्रे एवं टिकेश्वर बर्मन के द्वारा शारीरिक अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम की जानकारी वर्ग प्रमुख सीमा पंसारी एवं वर्ग सहायक अश्विनी निषाद के द्वारा प्रदान किया गया। आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग का प्रशिक्षण आचार्यों के सतत व्यक्तित्व में विकास के लिए रखा जाता है। इस प्रशिक्षण में सभी आचार्य दीदियों की सहभागिता थी।

**समाज की संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प**

# माहेश्वरी समाज ने मनाया महेश नवमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



माहेश्वरी समाज के वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमीं पर सिमगा नगर में श्रद्धा, उत्साह एवं सामाजिक एकता के साथ महेश नवमीं महोत्सव मनाया गया। महेश नवमीं को माहेश्वरी समाज अपनी वंशोत्पत्ति का दिवस मानता है और इस अवसर पर भगवान महेश (भगवान शिव) एवं माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश एवं माता पार्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठजनों ने समाज की गौरवशाली परंपराओं, संस्कृति, संगठन एवं सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा समाज के बच्चों एवं युवाओं द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज के सदस्य सुनील माहेश्वरी ने कहा कि महेश नवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज की एकता, सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। हमें अपनी नई पीढ़ी को समाज की संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना चाहिए तथा शिक्षा, सेवा और संगठन की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में समाज की सुख-समृद्धि, राष्ट्र के विकास एवं विश्व कल्याण की कामना करते हुए सभी ने एक-दूसरे को महेश नवमी की शुभकामनाएं दीं। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शकुन माहेश्वरी, त्रिलोक माहेश्वरी, सुधा माहेश्वरी, सुनील माहेश्वरी, संदीप माहेश्वरी, भूपेंद्र राठी, संगीता माहेश्वरी, मोनल माहेश्वरी, स्वपनिल माहेश्वरी, शिवम माहेश्वरी, साक्षी माहेश्वरी, अक्षरा माहेश्वरी, सृष्टि माहेश्वरी आदि उपस्थित थे।

## नेता प्रतिपक्ष ने पूर्व में चल रहे निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ करने ज्ञापन सौंपा

**भाटापारा।** नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष अजय ठाकुर ने कल्याण सागर के चारों ओर पूर्व में चल रहे निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ कराये जाने ज्ञापन मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सौंपा। सौपें गए ज्ञापन में अजय ठाकुर ने बताया दाऊ कृष्ण कुमार वार्ड स्थित कल्याण सागर के चारों तरफ निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था, परन्तु विगत एक वर्ष से ठेकेदार के द्वारा मजदूरी नहीं मिल पाने के कारण प्रारंभ नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा जो कारण बताया जा रहा है वह उचित प्रतीत नहीं होता। ठाकुर ने बताया उक्त नाली निर्माण कार्य वर्तमान में अधूरी है, जिससे वार्डवासी एवं आसपास के नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वर्षा ऋतु के कारण गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए उक्त नाली निर्माण को पुनः प्रारंभ किये जाने उक्त ठेकेदार को आदेशित किये जाने की मांग की है। उन्होंने उक्त कार्य को दस दिवस के भीतर उचित कार्रवाई करते हुए प्रारंभ किये जाने की मांग की है।